कौशल विकास संचालनालय
मध्यप्रदेश

क्र.–कौविसं/स्टेटसेल/2019/ 1439 /भोपाल, दिनांक 18/12/2019

प्रति,

प्राचार्य/अधीक्षक/संस्था प्रमुख,
शासकीय/प्रायवेट आईटीआई,
मध्यप्रदेश

विषयः– सत्र अगस्त 2019 में शासकीय एवं निजी आईटीआई में एनसीवीटी एवं सत्र अगस्त 2018 से एससीवीटी में वार्षिक पद्धति के अंतर्गत प्रवेशित व्यवसाय आशुलिपि हिन्दी/अंग्रेजी/सचिवालय पद्धति (अंग्रेजी) के प्रशिक्षणार्थियों की ऑनलाईन प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र अगस्त 2019 में शासकीय एवं निजी आईटीआई में एनसीवीटी एवं सत्र अगस्त 2018 से एससीवीटी (वार्षिक पद्धति) के अंतर्गत प्रवेशित व्यवसाय आशुलिपि हिन्दी/अंग्रेजी/सचिवालय पद्धति (अंग्रेजी) के प्रशिक्षणार्थियों की ऑनलाईन प्रायोगिक परीक्षा डीजीटी नई दिल्ली द्वारा जारी समय सारणी अनुरूप आगामी जुलाई 2020 में होना प्रस्तावित है। उक्त व्यवसाय में प्रशिक्षणरत् प्रशिक्षणार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से शासकीय आईटीआई में सम्पन्न कराई जावेगी। ऑनलाईन प्रायोगिक परीक्षा में ध्यान दिये जाने योग्य निम्न मुख्य बिंदु हैः–

1. कम्प्यूटर टाइपिंग कार्य हेतु केवल "मंगल फॉन्ट" ही उपलब्ध होगा। सभी प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास "मंगल फॉन्ट" में ही कराया जावे।
2. प्रशिक्षणार्थियों के अभ्यास हेतु मॉक टेस्ट की लिंक शासकीय एवं निजी प्रायवेट आईटीआई में उपलब्ध कराई जावेगी।
3. ऑनलाईन प्रायोगिक परीक्षा हेतु सिर्फ शासकीय आईटीआई को परीक्षा केन्द्र बनाया जाने के कारण प्रशिक्षणार्थियों में सेंटर मूवमेंट की संभावना होगी, इस हेतु प्रशिक्षणार्थियों को मानसिक रूप से तैयार करें।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त संबंध में आपकी संस्था के संबंधित व्यवसाय के सभी प्रशिक्षण अधिकारी को नोट करवायें एवं नोटिस बोर्ड पर आदेश चस्पा कर उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

18/12/2019
धनराजू एस
संचालक
कौशल विकास मध्यप्रदेश

क्र.–कौविसं/स्टेटसेल/2019/ 1440 भोपाल, दिनांक 18/12/2019

प्रतिलिपिः

1. अतिरिक्त संचालक, कौशल विकास संचालनालय म0प्र0 की ओर सूचनार्थ।
2. सचिव, स्टेट बोर्ड ऑफ एक्जामीनेशन कौशल विकास संचालनालय जबलपुर की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, कौशल विकास मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ। आपके क्षेत्रांतर्गत आने वाली शा/निजी आईटीआई को उपरोक्तानुसार निर्देशित करना सुनिश्चित करें।
4. हर्षित पालीवाल, प्रोजेक्ट मैनेजर, अटेस्ट टेस्टिंग सर्विसेस लि. भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

18/12/2019
धनराजू एस
संचालक
कौशल विकास मध्यप्रदेश

Scanned by CamScanner